# 2 राजस्थान का भौगोलिक विभाजन

1. राजस्थान के जिलों में से कितने जिले मरूस्थलीय है?
(1) 19 (2) 21 (3) 17 (4) 22 (1)
**व्याख्या–** राजस्थान के पश्चिमी भाग के 19 जिले मरूस्थलीय माने जाते हैं, जो इस प्रकार हैं– जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा, जालौर, सांचौर, पाली, पश्चिमी ब्यावर, जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, नागौर, डीडवाना–कुचामन, बीकानेर, अनूपगढ़, गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू, झुंझुनूं, सीकर।

2. मुकन्दरा पहाड़ियाँ मुख्यत: किस जिले में फैली है?
(1) बूँदी जिला (2) भीलवाड़ा जिला
(3) चित्तौड़गढ़ जिला (4) कोटा जिला (4)
**व्याख्या–** मुकन्दरा की पहाड़ियों का विस्तार कोटा व झालावाड़ दोनों जिलों में है, लेकिन सर्वाधिक विस्तार कोटा जिले में है। ये पहाड़ियाँ लगभग 120 किमी. की लम्बाई में उत्तर पश्चिम से दक्षिण पूर्व में विस्तारित है।

3. पवनों की दिशा के समकोण पर बनने वाले बालूका स्तूप हैं?
(1) अनुदैर्ध्य (2) अनुप्रस्थ (3) बरखान (4) नेबखा (2)
**व्याख्या–** अनुप्रस्थ बालूका स्तूप पवनों की दिशा के समकोण या लम्बवत बनने बालूका स्तूप है। अनुप्रस्थ बालूका स्तूपों का निर्माण दीर्घकाल तक हवा के एक ही दिशा में चलने से उनके समकोण पर होता है। ऐसे बालूका स्तूप गहरे बालू के क्षेत्रों में मंद वायु द्वारा निर्मित होते है।

4. लाठी सीरीज किस जिले में है?
(1) ब्यावर (2) जैसलमेर
(3) बालोतरा (4) बीकानेर (2)

5. छप्पन की पहाड़ियाँ किस जिले में हैं?
(1) बालोतरा (2) सांचौर
(3) जोधपुर ग्रामीण (4) डीडवाना–कुचामन (1)
**व्याख्या–** बालोतरा में सिवाणा से मोकलसर तक लगभग 11 किमी लम्बाई में गोलाकार पहाड़ियाँ 'छप्पन की पहाड़ियाँ' कहलाती हैं। माना जाता है कि यहाँ 56 छोटी बड़ी चोटियाँ होने के कारण इन्हें छप्पन की पहाड़ियाँ कहा जाता है।

6. नाकोड़ा पर्वत को निम्नलिखित में से किस और नाम से भी जाना जाता है?
(1) तोरावाटी की पहाड़ियाँ (2) छप्पन की पहाड़ियाँ
(3) पश्चिमी अरावली की पहाड़ियाँ
(4) तारागढ़ की पहाड़ियाँ (2)
**व्याख्या–** नाकोड़ा पर्वत बालोतरा जिले में स्थित है। यहाँ जैन धर्म का धार्मिक स्थल है, यहाँ पार्श्वनाथ मन्दिर बना है, जिसे नाकोड़ा भैरव के नाम से जाना जाता है।

7. डूँगरपुर व बाँसवाड़ा के मध्य का पहाड़ी भाग कहलाता है?
(1) मेवल (2) भोमट
(3) गिरवा (4) मगरा (1)

8. किस जिले में 'मालखेत की पहाड़ियाँ' स्थित है?
(1) नीमकाथाना (2) गंगापुर सिटी
(3) कोटपूतली–बहरोड़ (4) सीकर (4)

9. कर्नल जेम्स टॉड ने 'हिन्दू ओलम्पस' किसे कहा है?
(1) टॉडगढ़ पर्वतीय क्षेत्र (2) कुम्भलगढ़ का पठारी भाग
(3) ऊपरमाल का पठारी भाग (4) आबू पर्वत (4)
**व्याख्या–** कर्नल जेम्स टॉड ने मंदिरों की अधिकता होने के कारण आबू पर्वत को 'हिन्दू ओलम्पस' (हिन्दुओं का स्वर्ग) कहा है।

10. किस शहर के आस–पास पहाड़ियों से घिरा तश्तरीनुमा क्षेत्र 'गिरवा' कहलाता है?
(1) उदयपुर (2) ब्यावर
(3) जोधपुर ग्रामीण (4) अजमेर (1)

11. मध्य अरावली की सबसे ऊँची चोटी है –
(1) तारागढ (2) गोरम जी
(3) जरगा (4) रघुनाथगढ़ (2)
**व्याख्या–** गोरम जी, अजमेर (933 मीटर), तारागढ़, अजमेर (873 मीटर) मध्य अरावली की चोटियाँ हैं।

12. अरावली पर्वत माला की सर्वाधिक ऊँचाई किस जिले में है?
(1) सिरोही (2) खैरथल–तिजारा
(3) ब्यावर (4) सीकर (1)
**व्याख्या–** राजस्थान की 3 सबसे ऊँची चोटियाँ (गुरूशिखर, सेर व दिलवाड़ा) सिरोही जिले में स्थित हैं।

13. कर्नल जेम्स टॉड ने 'संतों का शिखर' किस पर्वत चोटी को कहा है?
(1) गुरुशिखर (2) सेर
(3) अचलगढ़ (4) माउण्ट आबू (1)

14. पूर्वी सिरोही क्षेत्र में तीव्र ढाल वाली उबड़–खाबड़ कटक पहाड़ियाँ स्थानीय भाषा में कहलाती है?
(1) नाल (2) मगरा
(3) भाकर (4) गिरवा (3)

15. चित्तौड़गढ़ का किला किस पठार पर स्थित है?
(1) मेसा पठार (2) उड़िया पठार
(3) भोराठ का पठार (4) इनमें से कोई नहीं (1)

16. कौनसा क्षेत्र वागड़ कहलाता है?
(1) कोटा, बूँदी, बारा का क्षेत्र (2) जयपुर, अलवर का क्षेत्र
(3) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा का क्षेत्र (4) पाली, सिरोही का क्षेत्र (3)

17. राजस्थान का कौनसा जिला 'डाँग की रानी' कहलाता है?
(1) गंगापुर सिटी (2) ब्यावर
(3) करौली (4) झालावाड़ (3)

18. अरावली पर्वत माला की राजस्थान में लम्बाई है?
(1) 550 किमी. (2) 599 किमी.
(3) 490 किमी. (4) 600 किमी. (1)
**व्याख्या–** अरावली पर्वत माला का राजस्थान में विस्तार खेडब्रह्म (गुजरात) से खेतड़ी (नीमकाथाना) तक है, जिसकी कुल लम्बाई 550 किमी. है।

19. राजस्थान की जल विभाजक रेखा है?
(1) अरावली पर्वतमाला (2) मुकुन्दवाड़ा की पहाड़ी
(3) मालाणी पर्वत श्रृंखला (4) थार का मरूस्थल (1)

20. निम्नलिखित अरावली पर्वत शिखर हैं, इन शिखरों को ऊँचाई के अनुसार घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिए–
(1) गुरुशिखर–सेर–दिलवाड़ा–अचलगढ़–कुभलगढ़
(2) गुरुशिखर–दिलवाड़ा–सेर–अचलगढ़–कुभलगढ़
(3) सेर–गुरुशिखर–दिलवाड़ा–अचलगढ़–कुभलगढ़
(4) दिलवाड़ा–सेर–गुरुशिखर– अचलगढ़–कुभलगढ़ (1)

**व्याख्या–** गुरुशिखर (1722 मीटर), सेर (1597 मीटर), दिलवाड़ा (1442 मीटर), अचलगढ़ (1380 मीटर), कुम्भलगढ़ (1224 मीटर)

21. उत्खात स्थलाकृतियाँ पाई जाती हैं?
(1) बारां तथा झालावाड़ में (2) धौलपुर तथा करौली में
(3) बूँदी तथा कोटा में (4) भरतपुर तथा धौलपुर में (2)

22. राजस्थान का कौनसा क्षेत्र बीहड़ भूमि की समस्या से ग्रसित है?
(1) बनास बेसिन (2) चम्बल बेसिन
(3) माही बेसिन (4) लूणी बेसिन (2)

**व्याख्या–** नदियों के प्रवाह के कारण मिट्टी में अत्यधिक कटाव हो जाता है और गहरी घाटियाँ बन जाती है, जो 'बीहड़' कहलाती है। ये बीहड़ चम्बल बेसिन में चम्बल नदी के सहारे कोटा से धौलपुर तक विस्तृत है।

23. 'लाठी सीरीज' क्या है–
(1) एक घासपट्टी (2) बाँस उत्पादन क्षेत्र
(3) बालुका स्तूपों की श्रृंखला (4) भूमिगत जल पट्टी (4)

**व्याख्या–** जैसलमेर जिले में पोकरण से मोहनगढ़ तक लगभग 80 किमी की लम्बाई में पृथ्वी के अन्दर मीठे पानी की जलधारा मिली है, इसे 'लाठी सीरीज' नाम दिया गया है। यह एक भूगर्भिक जलपट्टी है। 2007 में काजरी (जोधपुर) के वैज्ञानिकों ने इसकी खोज की थी, वैज्ञानिकों ने इसे प्राचीन 'सरस्वती' नदी का अवशेष माना है।

24. हाथीगुड़ा की नाल किस जिले में स्थित है–
(1) उदयपुर (2) राजसमंद
(3) अजमेर (4) सिरोही (2)

**व्याख्या–** राजसमंद में स्थित कुंभलगढ़ किला हाथीगुड़ा की नाल के पास ही स्थित है।

25. निम्नलिखित में से कौनसा समूह राजस्थान की पर्वत चोटियों की उनकी ऊँचाई के अनुसार अवरोही क्रम में सही क्रम दर्शाता है–
(1) बिलाली–खो–रोजा भाखर–तारागढ़
(2) तारागढ़–खो–रोजा भाखर–बिलाली
(3) तारागढ़–खो–बिलाली–रोजा भाखर
(4) खो–तारागढ़–बिलाली–रोजा भाखर (4)

**व्याख्या–** खो–जयपुर ग्रामीण (920 मीटर), तारागढ़–अजमेर (873 मीटर), बिलाली–कोटपूतली–बहरोड़ (775 मीटर), रोजा भाखर–जालौर (730 मीटर)

26. घुघरा घाटी कहाँ स्थित है?
(1) उदयपुर (2) खैरथल–तिजारा
(3) अजमेर (4) जयपुर ग्रामीण (3)

27. राजस्थान के कौनसे भौतिक भाग में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व है?
(1) दक्षिणी–पूर्वी पठारी भाग
(2) पूर्वी मैदानी भाग
(3) उत्तरी–पश्चिमी मरुस्थलीय भाग
(4) अरावली पर्वतीय प्रदेश (2)

**व्याख्या–** पूर्वी मैदान राजस्थान का सर्वाधिक कृषि विकास व औद्योगिक विकास वाला भौतिक भाग है। उक्त कारणों के अलावा उपजाऊ भूभाग होने व राज्य की राजधानी तथा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के निकट होने के कारण भी इस क्षेत्र में जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है।

28. अरावली की निम्नलिखित पर्वत–चोटियों का उनकी ऊँचाई के अनुसार सही अवरोही क्रम है–
(1) अचलगढ़, जरगा, कुम्भलगढ़, रघुनाथगढ़
(2) जरगा, अचलगढ़, रघुनाथगढ़, कुम्भलगढ़
(3) कुम्भलगढ़, रघुनाथगढ़, अचलगढ़, जरगा
(4) जरगा, अचलगढ़, कुम्भलगढ़, रघुनाथगढ़ (4)

**व्याख्या–** जरगा–उदयपुर (1431 मीटर), अचलगढ़–सिरोही (1380 मीटर), कुम्भलगढ़–राजसमन्द (1224 मीटर), रघुनाथगढ़–सीकर (1055 मीटर)

29. राजस्थान के रेतीले शुष्क व अर्द्धशुष्क प्रदेश को विभाजित करने वाली वर्षा रेखा कौनसी है ?
(1) 25 सेमी (2) 50 सेमी
(3) 75 सेमी (4) 10 सेमी (1)

30. मरुस्थलीय क्षेत्र में विशिष्ट लवण झीलों को स्थानीय भाषा में क्या कहा जाता है?
(1) थली (2) डांड
(3) मगरा (4) इन्सेलबर्ग (2)

31. सीफ है एक–
(1) बालूका स्तूप (2) पश्चिमी राजस्थान की घास
(3) स्थानान्तरित कृषि (4) अरावली का दर्रा (1)

32. राजस्थान के कौनसे जिलों में अरावली का कामली घाट दर्रा स्थित है?
(1) राजसमंद– उदयपुर (2) राजसमंद–पाली
(3) अजमेर–पाली (4) राजसमंद–अजमेर (2)

**व्याख्या–** कामली घाट दर्रा राजसमंद जिले में है, यह दर्रा जोजावर (पाली) से देवगढ़ (राजसमंद) को सड़क मार्ग से जोड़ता है।

33. बालूका स्तूपों को जैसलमेर में स्थानीय भाषा में क्या कहा जाता है?
(1) खू (2) खड़ीन (3) प्लाया (4) धरियन (4)


34. सुमेलित कीजिए–


| चोटी | जिले |
|---|---|
| (A) रोजा भाकर | (i) उदयपुर |
| (B) सायरा | (ii) कोटपूतली–बहरोड़ |
| (C) नाग पहाड़ | (iii) अजमेर |
| (D) बैराठ | (iv) जालौर |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iv | i | iii | ii |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | ii | iv | i | iii |

(2)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।